तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 25 सितंबर 2025

09 सांझी बनाने की प्रतियोगिता में महिला विवि की टीमें छाईं



10 धान में नमी की समस्या, किसानों को परेशानियां



## खबर संक्षेप

### गांव से युवती को भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती को शादी का झांसा देकर भगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले संदिग्ध परिस्थितयों में घर से लापता हो गई। अपने स्तर पर की जांच से पता चला कि गांव का ही एक युवक उसे शादी का झांसा देकर बहलाफुसालकर अपने साथ ले गया तथा उसे कहीं बंधन बनाया हुआ है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध शराब मामले में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** सीआईए-1 ने अवैध शराब से जुड़े एक पुराने मामले में शामिल आरोपी गांव चिड़ाना निवासी तेजबीर को गिरफतार किया। एसआई सुरेन्द्र ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली की दो अलग-अलग गाड़ियों में अवैध शराब लेकर दो आरोपित सोनीपत-खरखौदा बाइसपास से बिहार जा रहे है। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी एक गाड़ी 924 बोतल बरामद की थी। जबकि दूसरी गाड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपित भगा ले गए, लेकिन उसके चालक का नाम पता चल गया। पुलिस ने तीन आरोपित मोनु, साहिल उर्फ विक्की व अमित को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने चौथे आरोपी तेजबीर की तलाश के बाद क्राइम यूनिट टीम ने उसे गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भी अवैध शराब नहीं मिली, लेकिन उसके संबंध मामले में पुष्टि की गई।



ओपीडी के बाहर लगी लाइन



ओपीडी में मरीजों की जांच करते डाक्टर्स।




फार्मेसी के बाहर दवा लेने के लिए लगी कतार।

# महज छह घंटे में 1700 के पार मरीजों की संख्या

**जिले में डेंगू के 11 नए मरीज मिले, 57 पहुंची संख्या, अब तक मलेरिया के 14 और चिकिनगुनिया तीन केस आ चुके सामने**

## 600 से अधिक पहुंची संक्रमण पीड़ितों की संख्या, मौसम में बदलाव का दिख रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में तीन दिन की छुट्टी के बाद बुधवार को ओपीडी खुली तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग अस्पताल पहुंचने लगे और दोपहर तक यह संख्या तेजी से बढ़ती रही। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 1700 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें सबसे अधिक संख्या वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की रही।

बता दें कि बुधवार को पहुंचे कुल मरीजों में से लगभग 600 मरीज वायरल संक्रमण से पीड़ित पाए गए। मौसम में हो रहे बदलाव, उमस भरे वातावरण और लोगों की कमजोर होती रोग प्रतिरोधक क्षमता को इन बीमारियों के फैलने का मुख्य कारण माना जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि वायरल बुखार बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। इस बुखार के उतरने के बाद भी मरीज लंबे समय तक सर्दी, खांसी और गले में दर्द जैसी परेशानियों से जूझते रहते हैं। इसके अलावा, कई मरीज सिरदर्द, बदन दर्द, सांस लेने में परेशानी और पेट संबंधी रोगों से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंचे। सुबह आठ बजे से पहले ही बड़ी तादाद में मरीज ओपीडी खुलने का इंतजार करते देखे गए।




सोनीपत। अस्पताल में पंजीकरण के लिए विंडों पर जमा मरीजों की भीड़।

### जलभराव के क्षेत्रों में करवा रहे छिड़काव

जिला डेंगू अधिकारी डा. आशा सहरावत ने बताया कि विभाग द्वारा जलभराव वाले इलाकों में नियमित रूप से दवा का छिड़काव किया जा रहा है ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके।

जिले में लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के तरीके समझा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि लोग सावधानी बरतें, घरों के आसपास पानी न जमा होने दें और किसी भी लक्षण पर तुरंत जांच करवाएं।

### डेंगू के 11 नए केस

डेंगू के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बुधवार को गोहाना क्षेत्र के गांव नगर में एक नया डेंगू केस मिला, जिससे जिले में कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, 16 सितंबर तक डेंगू के 46 मामले थे, जबकि पिछले एक सप्ताह में 11 नए मामले सामने आए है। वहीं मलेरिया के 14 मरीज व चिकिनगुनिया के तीन मरीज सामने आ चुके है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित इलाकों में काम कर रही हैं।

### लगाए अतिरिक्त काउंटर

कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. गिन्नी लांबा ने बताया किओपीडी में लगातार बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और काउंटर लगाए गए हैं। प्राथमिकता के आधार पर गंभीर मरीजों को पहले उपचार दिया जा रहा है, ताकि किसी को भी बिना इलाज के लौटना न पड़े। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन लगातार बढ़ते मामलों के चलते सतर्कता और सावधानी बेहद जरूरी है। हाल में अस्पताल में रिपयेरिंग का कार्य भी चल रहा है। जिसके चलते कुछ परेशानी उठानी पड़ रही है। तीन दिन की छुट्टी के बाद ओपीडी खुली है। जिसके चलते मरीजों की भीड़ ज्यादा देखने को मिल रही है।

## खरखौदा मार्केट कमेटी के चेयरमैन बने आनंद दहिया गुलशन ठेकेदार को मिली वाइस चेयरमैन जिम्मेदारी



आनंद दहिया व गुलशन ठेकेदार

**खरखौदा।** सरकार ने दो कार्यकर्ताओं को खरखौदा मार्केट कमेटी का चेयरमैन व उप चेयरमैन नियुक्त किया है। गढ़ी बिंदरौली के आनंद दहिया को चेयरमैन व गुलशन ठेकेदार को उप चेयरमैन बनाया गया है। दोनों का कहना है कि सरकार ने पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी गई जिम्मेदारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने सीएम नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली व संगठन के शीर्ष नेताओं का आभार जताया। आश्चर्य की बात यह है कि आनन्द दहिया बेशक पुराने भाजपाई हैं तथापि उनका न तो खंड से, न ही उपमंडल से और न ही विधानसभा से कोई वास्ता है।

## छात्र फंड में 50 करोड़ के घोटाले का लगाया आरोप

- मुरथल स्थित डीक्रस्ट का मामला छात्र की राज्यपाल व मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

डीक्रस्ट (मुरथल) के छात्र संदीप ने विश्वविद्यालय में छात्र फंड के 50 करोड़ रुपए के गबन का बड़ा खुलासा किया है। छात्र ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। संदीप ने आरोप लगाया कि इस घोटाले के पीछे कुछ अधिकारियों की मिलीभगत है, जिन्होंने निजी बैंक में बैक डेट से एफडीआर कराकर न सिर्फ विश्वविद्यालय को 75 लाख का नुकसान पहुंचाया, बल्कि निजी लाभ भी लिया।

### कम ब्याज पर प्राइवेट बैंक में करवाई एफडी

छात्र के अनुसार मार्च 2025 में 50 करोड़ का फंड 7.20 प्रतिशत ब्याज दर पर निजी बैंक में एफडीआर कराया गया, जबकि राष्ट्रीय बैंक ने 7.95 प्रतिशत ब्याज दर का ऑफर दिया था। इससे विश्वविद्यालय को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। संदीप ने पत्र में प्रूफ भी संलग्न किए हैं। सरकार का आडिट न होने से ही यह संभव हुआ है। छात्र ने आरोप लगाया कि जब पहली बार जून में उसने घोटाले का पत्र लिखा तो आरोपित अधिकारियों ने फाइलों को घुमाकर समय निकाला और बैक डेट से एफडीआर कर दी। विवि के अधिकारी से भी मिलने नहीं दिया जाता। उन्होंने आशंका जताई कि अगर वह सामने आया तो अधिकारी उसका करियर बर्बाद कर देंगे।

### यह लगाए आरोप

छात्र ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (उच्चतर शिक्षा व वित्त), राज्यपाल के सचिव, अकाउंटेंट जनरल, स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो व तकनीकी शिक्षा निदेशालय को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संदीप का कहना है कि गरीब और मजदूर वर्ग द्वारा फीस से बने छात्र फंड का सही उपयोग होना चाहिए, लेकिन इसे निजी फायदे के लिए लूटा जा रहा है। यदि सरकार जांच कराए तो पूरा घोटाला उजागर हो जाएगा।

## अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं ने निगला जहर, दोनों अभी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दो अलग-अलग जगहों पर महिलाओं द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने के मामले सामने आए है। दोनों ही मामलों में महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

**केस एक:** आदर्श नगर की रहने वाली महिला सीता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर निगल लिया। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया।

### गांव बरोटा का दूसरा मामला

गांव बरोटा की हिना ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे भी अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर रेफर कर दिया। शहर थाना पुलिस व कुंडली थाना पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी जुटाई। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं के होश में आने पर बयान दर्ज किए जाएंगे, जिससे घटनाओं के पीछे की असली वजह का पता लगाया जा सके। फिलहाल दोनों ही मामलों की जांच जारी है।

**निजी स्कूल में छात्रा से पोंछा लगवाने का मामला**

## मानव अधिकार आयोग सख्त, रिपोर्ट तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

क्षेत्र में एक निजी स्कूल की प्राचार्य द्वारा पांचवीं कक्षा छात्रा से क्लास रूम में पोछा लगवाने और दूसरे बच्चों के सामने खड़ा करके शेम-शेम बुलवाने के मामले में हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने सख्ती दिखाते हुए अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। आयोग ने इस मामले में अब तक संस्थागत एवं कानूनी दृष्टि से की गई कार्रवाई का पूर्ण विवरण मांगा है।

कुछ दिन पहले एक निजी स्कूल में बच्चे के साथ उक्त मामला सामने आया था। एक महिला ने इस संदर्भ में उपायुक्त व पुलिस अधिकारियों को शिकायत दी थी। महिला ने इससे उसकी बेटी स्कूल जाने से डरने लगी थी। चिकित्सक को दिखाया गया तो कहा कि बच्ची सदमे में और स्कूल बदलवाने की सलाह दी।

इसी मामले में आयोग की पीठ ने संज्ञान लिया जिसमें आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा, सदस्य (न्यायिक) कुलदीप जैन एवं सदस्य दीप भाटिया रहे। आयोग ने रेखांकित किया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, गरिमामय और पोषणकारी वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है।

### होमवर्क नहीं करने पर प्रताड़ित करने का था आरोप

महिला के अनुसार 29 अगस्त को बुखार होने के कारण होमवर्क नहीं कर पाई थी। उस दिन बेटी स्कूल गई तो होम वर्क न करने का पता चलने पर स्कूल प्राचार्य ने उसकी बेटी से क्लास रूम में पोछा लगवाया और अमानवीय व्यवहार करने की धमकी दी। उसकी बेटी को छोटे बच्चों के सामने कक्षा में ले जाकर शेम-शेम बुलवाया था। प्राचार्य ने चेतावनी दी कि यदि आगे भी होमवर्क पूरा नहीं किया तो उसके बाल मुंडवा दिए जाएंगे।

## कंपनी के डिलिवरी ब्वॉयज ने ग्रोसरी का सामान चुराया, आरोपी पुलिस ने दबोचा

- टीम ने रंगें हाथों चोरी किए गए अमूल के 24 पैकेट घी के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली क्षेत्र में कंपनी के डिलिवरी ब्वॉयज द्वारा ग्रोसरी का सामान चोरी करने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान आदेश निवासी गांव हलालपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। 23 सितंबर को रितिनदीप, इन्स्टाकार्ट प्रा लि कंपनी, गांव मल्हा माजरा ने बताया कि उनकी कंपनी की एपीएसटी टीम ने चैकिंग में आदेश को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

वह एक बॉक्स में 24 अमूल घी के डिब्बे चोरी किए। पूछताछ करने व सीसीटीवी देखने पर पता चला कि 04 अगस्त को भी उसने दो बड़े बॉक्स के स्टीकर फाड़कर सामान चोरी किया था। कंपनी को शक है कि आरोपित यह चोरी लंबे समय से कर रहा था। एएसआई विरेन्द्र ने टीम के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए 24 अमूल घी के डिब्बे (1 किग्रा प्रत्येक), एक नमक पैकेट, एक मिक्स दाल पैकेट और एक सेवलोन बरामद किया गया।

## वंदे भारत से टकराई बाइक, आरोपी पहचाना

- मंगलवार को बंद अगवानपुर फाटक पार करते समय ट्रेन से टकराई थी बाइक
- हादसे में बाल-बाल बचा था भंडेरी का नीरज, हादसे के बाद मौके से हो गया था फरार
- दुर्घटनाग्रस्त बाइक के नंबर से हुई पहचान



नरेश कुमार, जीआरपी चौकी प्रभारी गन्नौर, सोनीपत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

दिल्ली-पानीपत रेलवे लाइन पर मंगलवार शाम अगवानपुर फाटक के पास वंदे भारत ट्रेन से बाइक टकराने में अब आरोपित बाइक चालक की पहचान हो गई है। बाइक की नंबर प्लेट के आधार पर आरोपी की पहचान नीरज निवासी गांव भंडेरी, गोहाना के रूप में हुई है। जीआरपी का कहना है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बुधवार को जीआरपी चौकी प्रभारी नरेश कुमारी ने अगवानपुर फाटक का दौरा किया। निरीक्षण में पाया कि तीन अलग-अलग स्थानों से दुपहिया वाहन चालक फाटक बंद होने के बावजूद ट्रैक पार कर रहे हैं। उन्होंने स्टेशन मास्टर को पत्र लिखकर सभी रास्तों को पूरी तरह से बंद करने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके। बता दें कि गत मंगलवार की शाम पटरी पार करते समय एक युवक ने वंदे भारत ट्रेन को नजदीक आते देख बाइक से छलांग लगाकर अपनी जान तो बचा ली, ट्रेन बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई, जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## एनएच-44 पर सड़क हादसे में युवक घायल, पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गोल्डन ढाबा के सामने एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में स्कूल सवार दो युवक घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मालवीय नगर निवासी रणवीर ने बताया कि वह दुध का काम करता है। उसका बेटा अतुल 12वीं कक्षा को छात्र है। उसके बाद इरशाद नाम का युवक भी काम करता था। वह खाना-खाने के लिए स्कूटी पर सवार होकर मुरथल गए हुए थे। ढाबे पर खाना खाकर वापस लौट रहे थे। गोल्डन ढाबे के सामने तेज रफ्तार बुलेट ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

## बुटाना में जल्द शुरू होगी बीएससी नर्सिंग

- जनता विद्या भवन में पहुंचे सीएम के ओएसडी ने दिया आश्वासन एक दिवसीय दौरे के दौरान संस्था पदाधिकारियों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

प्रदेश सरकार जनता विद्या भवन बुटाना में शीघ्र ही बीएससी नर्सिंग कोर्स शुरू करेगी। यह वायदा मुख्यमंत्री के ओएससी राज नेहरु ने किया। वे बुधवार को जनता विद्या भवन में पहुंचे थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुरथल के डीक्रस्ट के पूर्व कुलपति प्रो. राजेंद्र सिंह अनायत और भाजपा के बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष अजीत सांगवान ने की।



प्रदीप सांगवान व अजीत सांगवान के साथ पौधरोपण करते हुए राज नेहरु।

ओएसडी राज नेहरु बुधवार को गोहाना का दौरा किया। इस दौरे में वह पहले जनता शिक्षण संस्थान में पहुंचे। वहां उन्होंने संस्था की समस्याओं बारे जानकारी हासिल की और पौधरोपण किया। संस्थान में ओएसडी ने बीएससी नर्सिंग कोर्स शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वह नई अनाजमंडी में पहुंचे। अनाज मंडी में वह आढ़तियों और किसानों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं जानी। इस अवसर पर रामनिवास सांगवान, राजेंद्र कुंडू, महिपाल मोर, जयदीप सांगवान और कृष्ण सांगवान उपस्थित रहे।

## जिले में 31 सितंबर तक लगाई धारा 163

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, के द्वारा माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षणिक/ओपन स्कूल) एवं डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा सितंबर/अक्टूबर, 2025 में आयोजित की जाएगी। जिला में परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए जिला मैजिस्टेट सुशील सारवान ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के आदेश जारी किए है।



आदेशों में कहा कि 25 सितंबर से 21 अक्टूबर तक दोपहर 02 बजे से सायः 05 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर क्षेत्र में आग्नेयास्त्र जैसे तलवार, गंडासी, लाठी, बरछा, कुल्हड़ी, जेली, चाकू और अन्य हथियार लेकर पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबन्ध रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के क्षेत्र में परीक्षा के समय फोटोकॉपी, फैक्स मशीनों के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा और संबंधित दुकाने बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात लोक सेवकों और पुलिस बल पर लागू नहीं होगा।

### पराली जलाने वालों पर होगी कार्रवाई

- 31 दिसंबर तक जारी रहेंगे आदेश, दिए निर्देश

दूसरी ओर जिलाधीश सुशील सारवन ने धान की पराली न जलाने बारे जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए है। यह आदेश 21 सितंबर से 31 दिसंबर तक जारी रहेगे। राष्ट्रीय हरित अधिकरण, (एनजीटी) नई दिल्ली द्वारा भी फसलों के अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध लगाने बारे भी निर्देश जारी किए गए है। जिसके अंतर्गत जुर्माने का भी प्रावधान है। हरियाणा सरकार द्वारा भी समय-समय पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी आदेशों की सख्ती से पालना हेतू निर्देश दिये गए है। जिलाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा 223 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियन्यण अधिनियम 1981 के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**राज्यसभा सांसद किरण चौधरी अस्पताल से करेंगी शुभारंभ**

# आज से महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

डीसी सुशील सारवान ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के सपने को साकार करने की पहल में एक कदम और उठाते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 25 सितंबर को पूरे प्रदेश में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करने जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को 2100 रूपये की राशि हर महिने प्रदान की जाएगी। ने बताया कि जिले में 25 सितंबर को दीन दयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ सिविल अस्पताल, सोनीपत में किया जाएगा। जिसमें राज्यसभा सांसद किरण चौधरी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेगी। योजना के शुभारंभ के इस अवसर पर जिले में विभिन्न जगह कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिविल अस्पताल, सोनीपत में जिले का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सोनीपत विधायक निखिल मदान भी उपस्थित रहेगे।



**कहां किसे जिम्मेदारी:** बीडीपीओ हाल गन्नौर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेगे, सीएचसी पुरखास में देवेन्द्र कौशिक, सीएचसी खरखौदा में विधायक पवन खरखौदा, सिविल अस्पताल गोहाना में विधायक कृष्णा गहलावत व सीएचसी बढ़खालसा में विधायक निखिल मदान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

### जोरों पर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां

**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद किरण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर महिलाओं और बेटियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। अस्पताल प्रशासन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी में जुटा हुआ है। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और पार्किंग प्रबंधन को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। कार्यक्रम में बेटियों और महिलाओं को योजना से संबंधित दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष परामर्श शिविर भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्धेश्य लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना और उन्हें योजना का सीधा लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि सांसद किरण चौधरी के आगमन से कार्यक्रम को नई दिशा मिलेगी और अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकेंगे। डा. संदीप लठवाल ने बताया कि सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी ताकि आने वाले मेहमानों और लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।



### डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## व्रत में जरूर करें फलाहार नहीं महसूस होगी कमजोरी

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। व्रत के दौरान केवल दूध और पानी लेने पर कमजोरी महसूस होती है। कृपया बताएं कि अपने फलाहार में कौन-कौन सी चीजें शामिल करूं, ताकि ऐसी समस्या न हो?**

**-विजय, रोहतक**

व्रत के दौरान केवल दूध या पानी लेना पर्याप्त नहीं होगा। आपको फल लेने चाहिए, जिसमें केले जरूर खाने चाहिए। इसके साथ ही इसकी स्मूदी बनाकर खा सकते हैं, जिसमें कई और फल शामिल कर सकते हैं। साथ ही इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकते हैं। यह आपको दिन में तीन से चार बार लेना चाहिए। केवल आलू भी ना खाएं, इससे कोई न्यूट्रिशन नहीं मिलेगा।



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द बना रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-साकेत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो सकती है, क्योंकि गर्दन दर्द के साथ चक्कर आना जैसी समस्याएं सर्वाइकल में होती हैं। बेहतर होगा कि एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करें। वो एक्सरे कराकर पता लगाएंगे और उसका प्रॉपर ट्रीटमेंट शुरू होगा। इस बात का ध्यान रखें कि दवा से ज्यादा जरूरी नियमित एक्सरसाइज है, जो आपको फिजियोथैरेपिस्ट बताएंगे।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले दो हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। छाती में दर्द और भारीपन भी रहता है। कफ-सीरप और दवाएं लेने के बाद भी कोई राहत नहीं मिल रही। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, भोपाल**

दो हफ्ते से अधिक खांसी हो रही है तो आपको इसकी जांच करानी चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि खांसी के साथ कफ भी आ रहा है, सो गौर करें कि कफ का रंग कैसा है, पीला है या सफेद रंग का कफ है। लेकिन फिलहाल आप मास्क लगाकर ही रहें और फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज या पानी खाना-पीना बिल्कुल बंद कर दें। डॉक्टर से कंसल्ट करके ही सीरप या दवा लें। आपको एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ सकती है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट में बाईं तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताएं।**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

पेट में दर्द कई बार संक्रमण की वजह से होता है और भूख नहीं लगती है। अगर यह समस्या लंबे समय से हो रही है तो आप इसे इग्नोर ना करें और एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। लेकिन उससे पहले आप अधिक तला-भुना खाना बिल्कुल बंद कर दें। कोशिश करें कि घर का बना खाना ही खाएं। खाने में दही जरूर शामिल करें। साथ ही सलाद दोपहर में खाएं। इससे आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बीते दिनों लगातार धूप में घर से बाहर निकलने की वजह से मेरी स्किन टैन हो गई थी। अभी तक वह टैनिंग बनी हुई है। कृपया मेरे स्किन की टैनिंग दूर करने का कोई उपाय बताएं।**

**-रितेश, बिलासपुर**

अगर आपको टैनिंग होती है यानी आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है तो मार्केट से कोई भी क्रीम लगाने से बेहतर है कि आप धूप में निकलने से बचें। अगर धूप में निकलना जरूरी हो तो छाता लेकर निकलें। इस तरह बचाव करना ही ठीक रहेगा। अगर बहुत ही जरूरी हो तो आप टैनिंग के लिए क्रीम का इस्तेमाल डॉक्टर से पूछकर ही कर सकते हैं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



### डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. प्रदीप पोखरना
सीनियर कार्डियक वेस्कुलर सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

दवर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार हृदय से संबंधित अधिकतर बीमारियां गलत जीवनशैली से संबंधित हैं। हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों का एक प्रमुख कारण गलत जीवनशैली ही है।

**हार्ट डिजीज के कारणः** दिल की बीमारियों का एक कारण आनुवंशिक भी होता है या फिर कुछ ऐसे रोग भी होते हैं, जिन्हें मेडिकल भाषा में कंजेनाइटल हार्ट डिजीज या जन्मजात हृदय रोग से संबंधित बीमारियां कहा जाता है। जैसे बच्चों के दिल का विकारग्रस्त होना या उनके दिल में छेद होना अथवा उनका रूमैटिक हार्ट फीवर से ग्रस्त होना आदि। बावजूद इसके, हृदय से संबंधित ज्यादातर बीमारियां गलत जीवनशैली का नतीजा होती हैं।

**कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी):** हार्ट अटैक का एक सबसे प्रमुख कारण मानी जाने वाली बीमारी कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) या हृदय धमनी रोग है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली से संबंधित इस बीमारी के कारण दुनिया भर में हार्ट अटैक से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। सीएडी ऐसी मेडिकल स्थिति है, जिसमें अस्वास्थ्यकर जीवन शैली के कारण हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्लाक संचित हो जाती है। प्लाक को आप एक विशेष प्रकार की वसा या फैट कह सकते हैं। नतीजतन, हृदय को रक्त की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती और इस स्थिति में हार्ट अटैक होने का अंदेशा बढ़ जाता है।

**कार्डियोवेस्कुलर डिजीजः** इसके अंतर्गत कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर और पेरिफेरल वेस्कुलर डिजीज (पैरों में शिराओं से संबंधित समस्या) आदि शामिल हैं।

**युवा वर्ग और सीएडीः** मध्य आयु (मिडिल एज) और बुजुर्गों के अलावा अब तो युवा वर्ग भी कोरोनरी आर्टरी डिजीज (हृदय धमनी रोग यानी सीएडी) का शिकार बन रहे हैं। इसका कारण यह कि युवक करियर प्रेशर से तनाव और डिप्रेशन की गिरफ्त में फंस जाते हैं। इसके अलावा तनावपूर्ण जीवनशैली, गलत खान-पान और नशे की लत भी युवाओं में सीएडी के मामले बढ़ा रही है। आनुवंशिक कारण को छोड़कर सीएडी के ज्यादातर कारणों की रोकथाम की जा सकती है। हाई ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखकर सीएडी की रोकथाम की जा सकती है।



**डायबिटीज पर कंट्रोलः** जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपनी ब्लड शुगर यानी रक्त शर्करा को नियंत्रित रखना चाहिए। इसके लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**सीएडी का ट्रीटमेंटः** सीएडी के इलाज के शुरुआती दौर में डॉक्टर मरीज को कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं देते हैं और इसके साथ ही रक्त को पतला करने वाली दवाएं यानी ब्लड थिनर्स दी जाती हैं।

**कब करते हैं एंजियोप्लास्टीः** हृदय के बाएं भाग में दो कोरोनरी आर्टरीज और दाहिने भाग में एक कोरोनरी आर्टरी होती है। धमनियों में संचित प्लाक के कारण ही धमनियों की आंतरिक दीवार में अवरोध उत्पन्न हो जाता है और ब्लड क्लॉट्स बनने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कोई एक धमनी या शेष अन्य धमनियां अवरुद्ध या ब्लॉक्ड हो सकती हैं। धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए एंजियोप्लास्टी की जाती है।

**कब जरूरी होता है स्टेंटः** कभी-कभी बैलून एंजियोप्लास्टी के बाद हृदय की धमनियों में प्लाक से हुआ अवरोध दूर तो हो जाता है, लेकिन कालांतर में कोरोनरी आर्टरी में अवरोध फिर से उत्पन्न हो सकता है, जिसे लंबे समय तक दूर रखने के लिए स्टेंट लगाया जाता है। स्टेंट धातु से निर्मित सूक्ष्म ट्यूब होता है और यह धातु की जाली जैसा दिखता है। इस स्टेंट को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट धमनियों के अंदर डालते हैं। स्टेंट का मुख्य कार्य धमनियों के अवरोध को दूर करना है।

**स्टेंट लगने के बाद सावधानी बरतेंः** स्टेंट लगने के बाद व्यक्ति को डॉक्टर के परामर्श से रक्त पतला करने वाली दवाएं या ब्लड थिनर्स लेना चाहिए। दवा लेने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। किसी भी समस्या के उत्पन्न होने पर मरीज को अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कब करते हैं बाईपास सर्जरीः** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार संभावित बाईपास सर्जरी किए जाने के संदर्भ में कार्डियोवेस्कुलर सर्जन का परामर्श महत्वपूर्ण है। अगर तीनों कोरोनरी आर्टरी में लगभग 70% से ज्यादा ब्लॉकेज नहीं है तो एंजियोप्लास्टी की जाती है और यदि 70 प्रतिशत से ज्यादा अवरोध या ब्लॉकेज हैं, तब बाईपास सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन बाईपास सर्जरी का निर्णय मरीज की शारीरिक स्थिति, उसकी उम्र और पारिवारिक स्थिति के मद्देनजर किया जाता है।

**वॉल्व की समस्याएं-समाधानः** हार्ट में मौजूद चार वॉल्वों में भी कभी-कभी विकार उत्पन्न हो जाते हैं। जैसे कि ये संकरे (नैरो) हो जाते हैं या फिर इनमें लीकेज होने लगता है। इस स्थिति में मरीज की सांस फूलने लगती है और उनके दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है। ऐसे में वॉल्वोप्लास्टी तकनीक से वॉल्व से संबंधित संकरेपन का इलाज संभव है। जरूरत पड़ने पर विकारग्रस्त हो चुके वॉल्व का सर्जरी के जरिए कृत्रिम वॉल्व प्रत्यारोपण भी किया जा सकता है।

स्पेशलः वर्ल्ड हार्ट डे-29 सितंबर

हाल के वर्षों में ओल्ड एज ही नहीं मिड और यंग एज के लोगों में भी हार्ट प्रॉब्लम्स काफी देखी जा रही हैं। इसीलिए इस वर्ष हार्ट डे की थीम भी रखी गई है-डोंट मिस ए बीट। यानी हमें हार्ट हेल्थ को लेकर जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। कोई भी लक्षण दिखने या समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। इस बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

## डोंट मिस ए बीट हार्ट रहेगा हेल्दी





**हार्ट प्रॉब्लम्स से बचाव के उपायः** अब जानते हैं, उन उपायों को जिन पर अमल कर हार्ट को हेल्दी रखा जा सकता है।

**जरूरी है नियमित व्यायामः** यदि आप प्रतिदिन 30 मिनट तक व्यायाम करते हैं, तो इससे जहां वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी वहीं कॉलेस्ट्रॉल की समस्या से बचाव संभव है। प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और शारीरिक क्षमता अलग-अलग होती है। कौन-सा व्यायाम कितनी देर करना है, इन सब बातों के संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।

**जंक फूड्स से दूरीः** जंक फूड्स में वसा अधिक मात्रा में पाई जाती है। इनमें नमक भी प्रचुर मात्रा में होता है। इससे कालांतर में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फूड्स से परहेज करें या फिर इन्हें कभी-कभार ही खाएं।

**कम से कम नमक का सेवनः** नमक (सोडियम) हाइपरटेंशन की समस्या को बढ़ाता है। इसलिए अधिक नमक के सेवन से बचना चाहिए।

**तनाव को करें नियंत्रितः** इंडियन हार्ट फेडरेशन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार ज्यादातर समय तनावग्रस्त रहना हाइपरटेंशन को बुलावा देना है। इसलिए तनाव का प्रबंधन करने के लिए सकारात्मक रहें अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन शामिल करें।

**धूम्रपान और शराब से दूरीः** धूम्रपान छोड़ने से हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी तरह अल्कोहल से परहेज करना हाइपरटेंशन और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

**मोटापे पर नियंत्रणः** मोटापा दिल की सेहत का दुश्मन है, जो कालांतर में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और हृदय धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज संक्षेप में सीएडी) के खतरे को बढ़ा सकता है। खासतौर पर पेट पर संचित अतिरिक्त वसा हाइपरटेंशन और सीएडी के खतरे को बढ़ाती है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट-हार्ट फेल्योर में अंतर



**जब एकबार** दिल के किसी भाग में रक्त का संचार (ब्लड सर्कुलेशन) रुक जाता है तो इस स्थिति को सहज मेडिकल भाषा में हार्ट अटैक कहते हैं। इस मर्ज का इलाज शारीरिक स्थिति के अनुसार मेडिकेशन, एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी है। हार्ट अटैक के कुछ लक्षणों के महसूस होने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजनों को शीघ्र ही डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ये लक्षण हैं- घबराहट महसूस करना। सीने में दर्द होना। यह दर्द बांहों, कंधे से लेकर कभी-कभी जबड़े में भी हो सकता है। सीने में जकड़न या दबाव महसूस करना। सांस लेने में दिक्कत। जी मिचलाना, पसीना आना और चक्कर आना।

जब दिल अचानक पूरी तरह से अपना काम करना बंद कर देता है तो उस स्थिति को कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। इस कंडीशन में दिल की धड़कन बंद हो जाती है और मरीज के बेहोशी में जाने की आशंकाएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। इस गंभीर मर्ज का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलेक्ट्रिक शॉक दिया जाता है। कार्डियक अरेस्ट के मरीज को 'सीपीआर' देना भी लाभप्रद है।

जब किन्हीं कारणों से हृदय कमजोर हो जाता है और वह सुचारु रूप से अपने क्रियाकलापों को समुचित रूप से अंजाम नहीं दे पाता तो इस स्थिति को हार्ट फेल्योर कहा जाता है। जिन लोगों की अतीत में एंजियोप्लास्टी या बाईपास सर्जरी हो चुकी है, उन्हें अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए और उन्हें जोखिम भरे कारकों जैसे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज वालों को अपनी ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना चाहिए। अपने डॉक्टर के परामर्श से दवाएं और खान-पान ग्रहण करना चाहिए।

### डिजीज

रजनी अरोड़ा

एड़ी दर्द की समस्या अलग-अलग वजह से हो सकती है। ऐसे में राहत के लिए अपने जीवनशैली में बदलावों के साथ आप कुछ घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## एड़ी दर्द जब करे परेशान बदलें जीवनशैली-करें उपचार

एड़ी का दर्द बहुत ही आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। लेकिन यह खासकर मध्यम आयु वर्ग और एथलीटों में ज्यादा देखी जाती है। डॉक्टर कई बार एड़ी के दर्द का कारण हड्डी बढ़ना बताते हैं, जिसे मेडिकल भाषा में हील स्पर या कैल्केनाइल स्पर कहते हैं।

**समस्या का कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

**प्लांटर फैसीसाइटिसः** एड़ी में दर्द का सबसे आम कारण होता है- फैसीसाइटिस। प्लांटर फेशिया एक मोटा ऊतक (टिश्यू) का बैंड होता है, जो एड़ी की हड्डी से लेकर पैर की अंगुलियों तक फैला होता है। यह पैर के आर्च (चाप) को सहारा देता है और चलने में मदद करता है। जब इस ऊतक पर लगातार दबाव या खिंचाव पड़ता है, तो इसमें सूजन आ जाती है, जिससे तेज दर्द होता है। यह दर्द अक्सर सुबह बिस्तर से उठते ही पहला कदम रखने पर सबसे ज्यादा महसूस होता है।

**हड्डी बढ़ना (हील स्पर):** जब प्लांटर फेशिया पर लंबे समय तक तनाव और खिंचाव रहता है, तो शरीर उस जगह को ठीक करने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में, एड़ी की हड्डी के नीचे कैल्शियम जमा होने लगता है। समय के साथ यह कैल्शियम जमाव एक नुकीली हड्डी जैसी संरचना में बदल जाता है, जिसे हील स्पर कहते हैं। कई बार यह हील स्पर दर्द का सीधा कारण नहीं होता, बल्कि यह प्लांटर फैसीसाइटिस के कारण होने वाली सूजन और ऊतक क्षति का एक परिणाम होता है। इसीलिए डॉक्टर इसे हड्डी बढ़ना कहते हैं, क्योंकि एक्स-रे में यह बढ़ी हुई हड्डी के तौर पर साफ दिखाई देता है। इनके अलावा कुछ अन्य कारणों से एड़ी में दर्द हो सकता है।



**गलत जूते पहननाः** बिना कुशन वाले या बहुत सख्त जूते, खासकर ऊंची हील वाली सैंडल पहनना।

**अधिक वजनः** शरीर का ज्यादा वजन एड़ी पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

**अत्यधिक शारीरिक गतिविधिः** बहुत ज्यादा दौड़ना, कूदना या कठोर सतह पर बहुत देर तक खड़े रहना।

**फ्लैट फुट (पैर का सपाट होना) या हाई आर्च (ऊंचा चाप):** पैर की बनावट में असामान्यताओं के कारण भी एड़ी पर दबाव बढ़ सकता है।

**अन्य रोगः** गठिया अर्थराइटिस या नस की अन्य समस्या के कारण।

**आयुर्वेदिक-घरेलू उपायः** आयुर्वेद में एड़ी के दर्द को वातकंटक कहा जाता है, जिसका अर्थ है वात दोष के कारण कांटों जैसी पीड़ा होना। आयुर्वेद के अनुसार, वात दोष की वृद्धि से शरीर में बहुत रूखापन और कठोरता आती है, जिससे हड्डियों और जोड़ों में दर्द होता है। इसके उपचार के कुछ उपाय बताए गए हैं।



**गर्म तेल की मालिशः** वात को शांत करने के लिए तिल का तेल, महानारायण तेल या सहचरादि तेल को हल्का गुनगुना करके एड़ी और तलवे की धीरे-धीरे मालिश करें। यह मांसपेशियों को आराम देता है और रक्त संचार बढ़ाता है।

**लहसुन और सरसों का तेलः** लहसुन की कुछ कलियों को सरसों के तेल में गर्म करें, जब तक वे काली न हो जाएं। इस तेल को ठंडा करके दर्द वाली जगह पर लगाएं और मालिश करें। लहसुन में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं।

**सेंधा नमक का सेंकः** एक टब में हल्का गर्म पानी लें और उसमें दो-तीन चम्मच पिसा सेंधा नमक डालें। इस पानी में अपने पैरों को 15-20 मिनट तक डुबोकर रखें। यह मांसपेशियों के तनाव को कम करता है और सूजन में आराम देता है।

**हल्दी-अदरक का पेस्टः** हल्दी और अदरक में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। दोनों को पीसकर थोड़ा गर्म करें और दर्द वाली जगह पर लगाएं। इसे कुछ देर तक लगा रहने दें, फिर धो लें।

**एरंड का पेस्टः** एरंड या कैस्टर के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और इसे एड़ी पर लगाएं। एरंड में भी सूजनरोधी गुण होते हैं।

**हल्दी वाला दूधः** रोज रात में सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं। हल्दी का करक्यूमिन दर्द और सूजन को कम करने में बहुत प्रभावी है।

**त्रिफला चूर्णः** रात में सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लें। यह पाचन को सुधारता है और शरीर में वात को संतुलित करने में मदद करता है।

**मेथी दानाः** एक चम्मच मेथी दाना रात में पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट चबाकर खाएं। इससे भी लाभ मिलेगा। *

**(एन.डी.एम.सी. आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, दिल्ली के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कोमल मलिक से बातचीत पर आधारित)**

### इन बातों का रखें ध्यान

**आराम और सही जूतेः** जब भी संभव हो, एड़ी को आराम दें। सही फिटिंग वाले, कुशन वाले और आर्च सपोर्ट वाले जूते पहनें। ऊंची हील वाले जूते और चप्पल पहनने से बचें।

**वेट कंट्रोलः** अगर आप ओवरवेटेड हैं, तो वजन कम करने का प्रयास करें। यह एड़ी पर पड़ने वाले दबाव को कम करेगा।

**पैरों की स्ट्रेचिंगः** नियमित रूप से पैर और एड़ी की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। दीवार के सहारे पैर को स्ट्रेच करना या एड़ी को ऊपर-नीचे करना फायदेमंद हो सकता है।

**नियमित व्यायामः** हल्के व्यायाम करें जैसे स्विमिंग या साइकलिंग, जो एड़ी पर ज्यादा दबाव नहीं डालते, ये बहुत फायदेमंद होते हैं।

### प्रिकॉशन

राजकुमार 'दिनकर'

कई तरह के संक्रमण से आप बच सकते हैं, अगर खाना पकाते और खाते समय कुछ सावधानियां बरतें। वे कौन-सी सावधानियां हैं, आपको जरूर पता होनी चाहिए।

## भोजन पकाते-खाते समय सावधानी बरतना है जरूरी

खाद्य पदार्थों का शुद्ध और ताजा होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है खाद्य पदार्थों को रसोई में सही तरह से पकाना। अगर भोजन को सही तरह से न पकाया जाए, तो कई बार पका हुआ भोजन भी बीमारी की वजह बन सकता है। इसलिए सावधान रहें।

**हाथ धोकर भोजन बनाएंः** यह बात हम सभी जानते हैं, इसके बावजूद लोग इसके प्रति लापरवाही बरतते हैं। रसोई घर में कोई भी बर्तन उठाने से पहले या आलू छीलने के लिए चाकू भी उठाएं, तो भी अपने हाथ पहले धोएं। हाथ में थोड़ा साबुन लगाकर 10 से 20 सेकेंड तक हाथों को रगड़ें, इसके बाद बहते पानी में हाथ धोएं। फल, सब्जी, कच्चे अनाज या किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ को छूने के बाद, खांसने, छींकने या रसोई घर में ही कचरे को छूने के बाद हाथों को जरूर धोएं।

**अगर आप बीमार हैंः** यदि आप उल्टी या दस्त, सर्दी, जुकाम, फ्लू, खांसी या किसी संक्रामक बीमारी से ग्रस्त हैं तो उन दिनों रसोई घर में खाना बनाने से पूरी तरह परहेज रखें। इस स्थिति में खाना पकाने से संक्रमण दूसरों को फैल सकता है।

**डिश क्लॉथ-टॉवल-वॉश स्पंजः** किचेन में यूज होने वाले डिश क्लॉथ, टॉवल और वॉश स्पंज खतरनाक बैक्टीरिया और रोगाणुओं का घर होते हैं। उन्हें दिन में कम से कम एक बार उबलते पानी में अच्छी तरह धोकर, धूप में सुखाकर इस्तेमाल करना चाहिए। प्रतिदिन रसोई में एक नैपकिन का इस्तेमाल करें। अगले दिन के लिए नए धुले और साफ सुथरे नैपकिन को लें।

**फलों और सब्जियों को धोएंः** सभी फलों और सब्जियों को पकाने या खाने के पहले अच्छी तरह बहते पानी के नीचे धोएं। सख्त छिलकों वाले सब्जियों और फलों पर स्क्रब ब्रश का इस्तेमाल करें। जिन छिलकों को खाया नहीं जाता, उन फलों या सब्जियों के छिलकों को भी अच्छी तरह धोएं। हालांकि धोने पर भी कभी-कभी कच्चे फल पूरी तरह रोगाणु मुक्त नहीं होते हैं।





**बासी खाने से परहेज करेंः** जल्दी खराब होने वाला खाना भले ही कितना सुरक्षित रखा जाए, वह खराब हो जाता है। बासी खाने में मौजूद सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ने लगती है। कुछ खतरनाक किस्म के बैक्टीरिया रेफ्रिजरेटर में भी पनपने लगते हैं और अपनी संख्या कई गुना बढ़ा देते हैं। इसलिए अगर खाना बच जाए तो उसे जल्द से जल्द खत्म करें। बासी खाना दोपहर के भोजन के लिए इस्तेमाल करें। खाने से पहले खाना अच्छी तरह गर्म कर लें। बेहतर यही है कि सीमित मात्रा में खाना बनाएं और एक साथ बहुत सारा खाना न बनाएं। एक दिन से ज्यादा बासी खाना आपको बीमार कर सकता है, उसे ना खाएं। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### दिवंगत के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे दुष्यंत



**खरखौदा।** जजपा के हलका अध्यक्ष देवेंद्र दहिया के ताऊ सतबीर उर्फ बीरे जैलदार की 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। दिवंगत के परिजनों को सांत्वना देने को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रोहणा पहुंचे। इस बीच फसलों के बारे में जानकारी ली और बारिश से प्रभावित हुई फसलों के बारे में पूछा। इस मौके पर उनके साथ रमेश कुमार, रोहतास दहिया दीपक मालिक, अशोक सरोहा सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्रेशन को लेकर एसडीएम ने दिए निर्देश



**खरखौदा।** एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने खरखौदा उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और लाडो लक्ष्मी योजना के रजिस्ट्रेशन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव वाइज पात्र महिलाओं की सूची तैयार करें और उनके रजिस्ट्रेशन को भी सुनिश्चित करें। यह कार्य बिना फीस लिए किया जाना है। कहने की जरूरत नहीं कि यह सरकार की योजना तहत फ्री आवेदन रजिस्ट्रेशन होने हैं। इसी सिलसिले में खरखौदा के उपमंडल नागरिक अस्पताल में गुरुवार को शिविर लगाया जाएगा।

### सांसद कुमारी शैलजा का 61वां जन्मदिन मनाया



**गोहाना।** बुधवार को पुरानी अनाज मंडी में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा का 61वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट मनोज गोहाना ने की। कार्यक्रम में लोगों को लड्डू खिलाए गए। एडवोकेट मनोज ने कहा कि आज पूरे देश में बेरोजगारी का बोलबाला है। पढ़ लिखकर युवाओं ने विदेशों में रोजगार हासिल करने का सपना देखा तो वो अब बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के चलते युवाओं का यह सपना भी चूर-चूर हो गया।

### मारपीट के दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**गन्नौर।** बड़ी थाना पुलिस ने मारपीट करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक व राजेश गांव लड़सौली के रहने वाले हैं। जानकारी अनुसार लड़सौली निवासी अतर सिंह ने शिकायत दी थी कि वह खेत मे घूमने जा रहा था। जब वह रेस्ट हाउस के पास पहुंचा तो बाइक सवार लड़को ने उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों से वारदात में प्रयुक्त खूंटा, बीटा व बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### परीक्षा को लेकर जारी किए धारा-163 के आदेश

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, के द्वारा माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षणिक/ ओपन स्कूल) एवं डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा सितंबर/ अक्टूबर में आयोजित की जाएगी। जिला में परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए जिला मैजिस्टेट सुशील सारवान ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के आदेश जारी किए है। जिलाधीश ने आदेश जारी करते कहा कि 25 सितंबर से 21 अक्टूबर तक होने वाली परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर क्षेत्र में आग्नेयास्त्र जैसे तलवार, गंडासी और अन्य हथियार लेकर पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

---

*कंजकों को पूरी, हलवा और चना से करवाएं भोजन*

# अष्टमी-नवमी के दिन कन्याओं की पूजा मां दुर्गा की उपासना के समान

*कंजक पूजन आध्यात्मिक, और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण*

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवी भागवत पुराण में उल्लेख**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



शारदीय नवरात्रि का आठवां और नौवां दिन विशेष धार्मिक आस्था और मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। आठवें दिन को दुर्गा अष्टमी और नौवें दिन को राम नवमी या महा नवमी कहा जाता है। इन दोनों तिथियों पर देशभर में श्रद्धालु विशेषकर छोटे बच्चों और कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा करते हैं और उन्हें पारंपरिक प्रसाद पूरी, सूजी का हलवा और काले चने खिलाकर व्रत का पारण करते हैं। यह परंपरा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि स्वास्थ्य और ज्योतिषीय मान्यताओं से भी गहराई से जुड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवी भागवत पुराण में उल्लेख मिलता है कि अष्टमी और नवमी के दिन कन्याओं की पूजा करना माता दुर्गा की उपासना के समान है। इन मासूम बच्चियों को देवी का स्वरूप मानकर उनके चरण स्पर्श किए जाते हैं और उन्हें अच्छे भोजन से सम्मानित किया जाता है। यही वजह है कि इसे कंजक पूजा या कन्या पूजन कहा जाता है। अष्टमी और नवमी पर कंजक पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि यह परंपरा आध्यात्मिक, ज्योतिषीय और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां एक ओर यह कन्याओं के रूप में देवी का सम्मान और पूजन है, वहीं दूसरी ओर इसका पोषण और ग्रहों की शांति से जुड़ा गहरा संदेश भी समाज को मिलता है। यही कारण है कि हर वर्ष अष्टमी और नवमी के दिन लाखों श्रद्धालु पूरी, हलवा और चने का प्रसाद बनाकर छोटी कन्याओं को भोजन कराते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

**सूजी भी दिल के लिए लाभकारी**

डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि सूजी भी दिल की सेहत के लिए लाभकारी मानी जाती है और वजन कम करने में सहायक होती है। पोषण विशेषज्ञों का कहना है कि जब भक्त नवरात्रि के आठ-दस दिन सात्विक भोजन और व्रत का पालन करते हैं, तो अष्टमी और नवमी पर पूरी, हलवा और चने का प्रसाद शरीर को जरूरी ऊर्जा और पोषण देता है। इससे पाचन तंत्र को संतुलन मिलता है और शरीर को शक्ति प्राप्त होती है।

**काले चने का भोग अनिवार्य**

डॉ. मिश्रा के अनुसार गुरु बृहस्पति सबसे अधिक वयोवृद्ध और सभी नक्षत्रों द्वारा पूजनीय ग्रह माने जाते हैं। इनके उच्च होने से व्यवसाय, स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। बृहस्पति की शांति से गृह क्लेश दूर होते हैं और सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि काले चने का भोग अनिवार्य माना गया है। स्वास्थ्य दृष्टिकोण से भी यह परंपरा बेहद उपयोगी है। विशेषज्ञों के अनुसार, सभी प्रसाद देसी घी में बनाए जाते हैं जो शरीर के लिए पौष्टिक होते हैं। काले चने आहार फाइबर से भरपूर होते हैं, जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल स्तर संतुलित करने में सहायक हैं। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। साथ ही, काले चने में मौजूद सैपोनिन तत्व कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में सहायक होता है, जबकि सैलेनियम शरीर को कैंसर पैदा करने वाले तत्वों से मुक्त करता है।

**पोषण देने वाले तत्वों से भरपूर प्रसाद**

ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा बताते हैं कि इस दिन बनने वाले प्रसाद का भी खास महत्व है। पूरी, सूजी का हलवा और काले चने न केवल धार्मिक दृष्टि से पवित्र माने जाते हैं बल्कि यह शरीर को पोषण देने वाले तत्वों से भरपूर होते हैं। पौराणिक मान्यता है कि बिना हलवे और चने के प्रसाद अधूरा माना जाता है। हलवा और चना बुध ग्रह को मजबूत करते हैं और जीवन से शनि व राहु की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं। वहीं चने का प्रसाद विशेष रूप से गुरु बृहस्पति को प्रसन्न करने के लिए अनिवार्य किया गया है

---

# सांझी बनाने की प्रतियोगिता में भगत फूल सिंह महिला विवि की टीमें छाईं

- कुरुक्षेत्र विवि में विरासत नाम से सांझी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



अतिथियों से प्रतियोगिता में उपहार राशि प्राप्त करती महिला विवि की छात्राएं।

कुरुक्षेत्र विवि में विरासत नाम से 5वीं सांझी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां की पांच में से चार टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भगत फूल सिंह महिला विवि की संस्कृति एवं युवा कार्यक्रम निदेशक प्रो. सुषमा जोशी के नेतृत्व में विवि की पांच टीमों ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें पहली टीम स्वयं प्रो. सुषमा जोशी, ज्योति, कुसुम एवं काजल, दूसरी टीम संतरा, सुनीता, पावनी एवं मेघा, तीसरी टीम कुमारी नंदिनी, अनु, वंदना एवं वंशिका, चौथी टीम कुमारी निशा सिहाग, साक्षी, पलक, मोनिका और पांचवी टीम कुमारी निशा भारती, मीनाक्षी, आरती एवं रिया पर आधारित रही। प्रतियोगिता में महिला विवि द्वारा 5 सांझी बनाई गई जिनमें से चार सांझी विजेता घोषित की गईं। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

### लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ आज

**सोनीपत।** डीसी सुशील सारवान ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के सपने को साकार करने की पहल में एक कदम और उठाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 25 सितंबर को पूरे प्रदेश में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करने जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को 2100 रुपये की राशि हर महिने प्रदान की जाएगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिले में 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ सिविल अस्पताल, सोनीपत में किया जाएगा। जिसमें राज्यसभा सांसद किरण चौधरी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेगी। उन्होंने बताया कि योजना के शुभारंभ के इस अवसर पर जिले में विभिन्न जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिविल अस्पताल, सोनीपत में जिले का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सोनीपत विधायक निखिल मदान भी उपस्थित रहेंगे।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर विभिन्न एनएसएस यूनिट द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में प्राचार्या प्रो. सुषमा जोशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. जोशी ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एक सन्देश दिया और एक स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली। वहीं विधि विभाग में आयोजित कार्यक्रम में चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने पौधारोपण को महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष जीवन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वयं पौधा लगाकर वॉलंटियर्स को उत्साहपूर्वक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन ने पौधों के महत्व और उनके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर अपने विचार रखे।

---

### लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण आज से

**गन्नौर।** दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय में एसडीएम प्रवेश कादियान ने बैठक ली। एसडीएम ने बताया कि 25 सितंबर को उपमंडल स्तर पर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ बीडीपीओ कार्यालय गन्नौर व सीएचसी केंद्र पुरखास में लाभार्थी महिलाओं का पंजीकरण होगा। बीडीपीओ कार्यालय गन्नौर में विधायक देवेंद्र कादियान, सीएचसी पुरखास में देवेंद्र कौशिक द्वारा पंजीकरण की प्रक्रिया का शुभारंभ किया जाएगा। बीडीपीओ, सरपंचों, पटवारी, ग्राम सचिव, सरपंच, नंबरदार, चौकीदार, आशा वर्करों की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। पंजीकरण के लिए परिवार पहचान पत्र, लाभार्थी का आधार कार्ड, बिजली का बिल, परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, परिवार की वार्षिक आय 1 लाख से कम होनी चाहिए रिहायशी प्रमाण पत्र व संबंधित की बैंक पासबुक की प्रति महत्वपूर्ण दस्तावेज रहेगा।बीडीपीओ राजेश टीवाना, नायब तहसीलदार गजे सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम प्रवेश कादियान।



खरखौदा। पोस्टर दर्शाते कन्या महाविद्यालय की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### संगोष्ठी का आयोजन किया

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर व स्थापना दिवस पर 'फसल अवशेष प्रबंधन' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ किरण सरोहा ने कैंप के आरंभ में छात्राओं को प्रोत्साहित करते भविष्य में इसी तरह शिवरों में सक्रिय रहने के लिए कहा गया। हिसार से डॉ कुलदीप व डॉ जोगिंद्र ने छात्राओं को फसल अवशेष का प्रबंध कैसे किया जाए, इसके लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए हेतु कृषि मशीनरी प्रोत्साहन योजना वर्ष 2018 में पंजाब व हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली में शुरू की गई। बताया पराली को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने, मिट्टी पर फैलाने हेतु, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रॉ रीपर व रोटावेटर है। वहीं पराली प्रबंधन के साथ-साथ बुवाई करने वाले मशीनों यथा जीरो टील ड्रिल या सुपर सीडर के बारे में भी बताया।

### एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या कालेज में बुधवार को एनएसएस डे के उपलक्ष्य में एनएसएस की यूनिट एक और दो द्वारा एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में साइक्लोजिकल काउंसलर डा. शिवानी, निशा, कुसुम, समुन्दर हुड्डा, सिविल अस्पताल, सोनिपत व उनकी टीम द्वारा द्वारा स्वयंसेविकाओ को एड्स के बारें में जागरूक करते हुए स्वयंसेविकाओ के स्वास्थ्य की जांच की साथ ही उन्हें आयरन टेबलेट उपलब्ध करवाई। उन्होनें स्वयंसेविकाओ को अपने आप को सुरक्षित रखने के तरीके बताए। डॉ. शिवानी ने स्वयंसेविकाओ का एचआईवी टेस्ट व उनकी टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। साथ ही स्वयंसेविकाओ नें महाविद्यालय प्रांगण की सफाई भी की। कॉलेज प्राचार्या गीता ने डॉ. शिवानी व उनकी टीम का स्वागत किया।



सोनीपत। टीकाराम कन्या कालेज में छात्राओं का स्वास्थ्य जांच करते हुए।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक एवं विद्यालय स्टाफ।

### एनएसएस का 57वां स्थापना दिवस मनाया

**सोनीपत।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस के 57वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के बलिदान पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य संजीव दहिया ने की, जबकि मुख्य वक्ता एनएसएस जिला संयोजक पवन रहे। इस अवसर पर हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के बलिदान पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र कल्याण में अपना निस्वार्थ भाव से योगदान देने की शपथ ली। इस अवसर पर 60 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



खरखौदा। श्रोताओं संग रागनी का आनंद लेते करण चौटाला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रोहणा में रागनी कार्यक्रम हुआ

**खरखौदा।** रोहणा गांव के शिव मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी चौधरी देवीलाल के उपलक्ष में रागनी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि मास्टर बिट्टू राठधना व विशिष्ट अतिथि भयराज दहिया थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे सिरसा जिला परिषद चेयरमैन कर्ण चौटाला ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी देवीलाल जयंती पर सांस्कृतिक आयोजन की परंपरा को जारी रखने की जरूरत है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आह्वान किया 25 सितंबर को रोहतक में होने वाले सम्मान दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लें। मंच संचालक कर रहे कार्यक्रम आयोजक मास्टर टीलू राम ने भरोसा दिलाया कि आगामी समय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने संस्था व कलाकारों सहयोग राशि प्रदान की। लोक गायक बीरपाल खरकिया, रेखा लांबा, कोमल चौधरी, आरती जांगड़ा, राममेहर शर्मा, लक्ष्य बेनीवाल, अमित रोहणा ने रागनी के माध्यम से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

## एनएसएस समाजसेवा का सशक्त माध्यमः सचिन

- जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




गोहाना। स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत करते शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्य को दर्शाती हुई एक लघु फिल्म दिखाई गई। शिविर में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए और विजेताओं तमन्ना, लक्की और शिवम को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. सचिन ने कार्यक्रम की शुरुआत करते एनएसएस के इतिहास पर प्रकाश डाला। कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना, व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए भी उन्हें जागरूक करना है। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा का रहा।

**ये रहे मौजूद**

सुनील ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा युवा वर्ग सामुदायिक सेवा देने में अनुभव प्राप्त करते है। इस दौरान एनएसएस स्वयं सेवक और स्वयंसेविकाओं को समाजहित में कार्य करने सामूहिक शपथ दिलवाई गई। इस अवसर एनएस एस की दूसरी यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी चिराग जैन, उप प्राचार्य सूरत शर्मा व यूकेश दत्त उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### विश्व कल्याण सरोवर का किया भ्रमण

**सोनीपत।** एनएसएस : बिल्डिंग द नेशन थीम के साथ जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई ने एनएसएस का 57वां स्थापना दिवस मनाते हुए मुरथल स्थित ब्रह्माकुमारी के विश्व कल्याण सरोवर का दौरा किया। इस दौरान जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने एनएसएस की पूरी टीम को उनके स्थापना दिवस की विशेष रूप से बधाई दी। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने स्थापना दिवस मनाया, जिसमें सहयोगी प्राध्यापिका मीना कालरा ने विशेष योगदान दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेविकाएं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान दे सकती हैं। एनएसएस की टीम ने विश्व कल्याण सरोवर का भ्रमण किया।

---

**प्रेस वार्ता** आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता की

*भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का आरोप लगाया*

# जनता की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रखेगी आपः देवेन्द्र गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। पत्रकारवार्ता में आप नेता देवेंद्र गौतम एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जनता की समस्याएं रखने से पहले ही उन्हें पुलिस द्वारा डिटेन करवा दिया गया, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। गौतम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आठ साल से जनता को जीएसटी के बोझ तले दबा रही है और अब जीएसटी बचत उत्सव के नाम पर जनता व व्यापारियों को बहकाने का काम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार बताए आम जनता को जीएसटी से कितना नुकसान हुआ और क्या यह पैसा वापस करेगी। कहा कि भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के दौरे पर संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारी की भी गरिमा का अपमान किया, जो शर्मनाक है। गौतम ने भाजपा से उपायुक्त सोनीपत से माफी मांगने की मांग की। कहा कि चाहे सरकार कितने भी दमनकारी कदम उठाए, आप पार्टी जनता की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रखेगी।

**कार्रवाई कर सबूत देना चाहिए**

राई के एक गांव में एक भाजपा नेता द्वारा दलित सरपंच के साथ थप्पड़ मारकर मारपीट किए जाने की घटना पर आम आदमी पार्टी नेता देवेन्द्र गौतम ने कड़ी निंदा की। गौतम ने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि का अपमान लोकतांत्रिक मूल्यों और दलित समाज का सीधा अपमान है। उन्होंने मांग की कि आरोपी पर एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए, भाजपा उसे पार्टी से निष्कासित कर प्रशासन को कार्रवाई हेतु लिखे और उपायुक्त पीड़ित सरपंच की गरिमा व सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा दलितों और पिछड़े वर्गों की हितैषी है तो उसे इस घटना पर तुरंत कार्रवाई कर सबूत देना चाहिए।



सोनीपत। प्रभु के साथ पुलिस अधिकारी एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### तीन प्रभु भेजे अपना घर आश्रम

**सोनीपत।** समाज कल्याण शिक्षा समिति और सब इंस्पेक्टर जगत सिंह की निरंतर मुहिम से अब तक 251 बेसहारा प्रभु जनों को सहारा मिल चुका है। ताजा घटनाक्रम में 249वीं महिला प्रभु बड़वासनी गौशाला के पास मिली, जिसकी सूचना डॉ. पवन ने पुलिस को दी। सदर थाना पुलिस की टीम ने महिला प्रभु को सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाने के बाद अपना घर आश्रम, बूढ़पुर दिल्ली भेजा। इसी तरह 250वें प्रभु भी बड़वासनी क्षेत्र से दयनीय हालत में मिले, जिन्हें पुलिस की मदद से मेडिकल जांच और औपचारिकताओं के बाद पुठ खुर्द स्थित अपना घर आश्रम भेजा गया। वहीं 251वें प्रभु बरोदा थाना क्षेत्र में मिले, जिन्हें हेड कांस्टेबल अमीन कुमार ने खुद संभाला। समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार के मार्गदर्शन में मेडिकल और थाने की औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें सोनीपत लाया गया। इसके बाद सब इंस्पेक्टर जगत सिंह और समिति ने एसीपी जीत सिंह व एसएचओ अशोक कुमार की मौजूदगी में दोनों प्रभुओं को एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित आश्रम भेजा।

# खरीफ खरीद : धान में नमी की समस्या से किसानों को परेशानियां

## पीआर धान की खरीद प्रक्रिया ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत-खरखौदा रोड स्थित अनाज मंडी में खरीफ खरीद सीजन की शुरुआत में पीआर धान की खरीद प्रक्रिया में दिक्कतें आ रही है। गत सोमवार से शुरू हुई इस प्रक्रिया के बाद से, तीन दिन तक किसानों का धान नमी अधिक होने के कारण सरकारी रेट पर नहीं बिक पाया है।



सोनीपत। मंडी में नमी कम करने के लिए फैलाई गई धान की फसल। फोटो : हरिभूमि

> सरकारी अधिकारियों के अनुसार, धान में नमी तय पैमाने से अधिक है, इस कारण ही अभी मंडी में धान की खरीद में रुकावट आ रही

इस स्थिति के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, धान में नमी तय पैमाने से अधिक है, जिसके कारण मंडी में धान की खरीद में रुकावट आ रही है। किसान मंडी की फर्श पर धान बिछाकर नमी कम करने का प्रयास कर रहे हैं और बार-बार काट लगवाकर उसे सुखाने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर नमी कम नहीं होती, तो उनकी फसल का मूल्य घट सकता है और उनके लिए नुकसान हो सकता है। बता दें कि इस बार सरकार ने पीआर धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 2389 रुपए प्रति क्विंटल (ए ग्रेड) और 2369 रुपए प्रति क्विंटल (कॉमन) किया है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 150 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है। हालांकि, इस समय पीआर धान की खरीद प्रक्रिया ठप है, और किसान अपनी फसलों का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाने के बाद ही अपने धान को बेच सकते है। वहीं, धान की किस्म 1509 का भाव भी गिरावट का सामना कर रहा है। सोनीपत मंडी में इस किस्म की बोली 2925 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंची, जो पहले 3161 रुपए प्रति क्विंटल तक थी। किसानों से अपील की जा रही है कि वे कम नमी वाला और साफ-सुथरा धान लेकर मंडी में आएं, ताकि फसल की खरीदारी में कोई और रुकावट न आए।

## सोनीपत मेयर राजीव जैन ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

# राज्य स्तरीय कायाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिताएं शुरू

### प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

खेल विभाग द्वारा आयोजित खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत भगत सिंह वाटर स्पोर्ट्स क्लब अहुलाना में राज्य स्तरीय कायाकिंग एवं कैनोइंग खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने किया। मेयर ने कहा कि सोनीपत जिले में पहली बार जल क्रीड़ा जैसे कायाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिता आयोजित हो रही है यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल महाकुंभ जैसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनती हैं। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 1200 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिनमें लड़के व लड़कियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में के-1, के-2, के-4, सी-1, सी-2, सी-4 तथा ड्रैगन बोट डी-10 जैसे इवेंट्स का आयोजन किया जा रहा है।



गन्नौर। सोनीपत मेयर राजीव जैन प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी लेते और ड्रैगन बोट प्रतिस्पर्धा के दौरान दम लगाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### ड्रैगन बोट में सोनीपत को मिला स्वर्ण

प्रतियोगिता के संयोजक व कैनोइंग प्रशिक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पहले दिन डैगन बोट स्पर्धा में सोनीपत टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। वहीं झज्जर की टीम ने रजत व जींद की टीम ने कांस्य पदक जीता। देर शाम तक प्रतियोगिताओं का दौर जारी रहा। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष मंजीत, हरियाणा कायाकिंग एवं कैनोइंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, उपनिदेशक खेल, रोहतक मंडल सुनीता खत्री, गांव अहुलाना के सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह, प्रतियोगिता के संयोजक व कैनोइंग प्रशिक्षक बिजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों की साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक प्रस्तुतियां

■ शिवा शिक्षा सदन में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन विद्यालय के प्रांगण में नवमी कक्षा के विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों में सामाजिक जागरूकता फैलाना था। सुबह 10 बजे आरंभ हुए आयोजन में सरस्वती वंदना से शुरुआत हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और संवाद प्रस्तुत किए। एक समूह नृत्य में दिखाया गया कि इंटरनेट का सही उपयोग शिक्षा और रोजगार के अवसर देता है, जबकि इसका दुरुपयोग खतरनाक हो सकता है। मुख्य आकर्षण नाट्य प्रस्तुति "जागरूक समाज, सुरक्षित भविष्य" रही, जिसमें एक किशोरी की कहानी प्रस्तुत की गई, जो साइबर अपराध का शिकार होकर भी संघर्ष के बल पर न्याय प्राप्त करती है और दूसरों को प्रेरित करती है। दर्शकों ने इस नाटक को खूब सराहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ गणित, सामाजिक अध्ययन और विज्ञान की प्रदर्शनी भी लगाई गई। गणित प्रदर्शनी में ज्यामितीय मॉडल, सामाजिक अध्ययन में इतिहास और सामाजिक सुधार आंदोलनों से जुड़े चार्ट तथा विज्ञान प्रदर्शनी में साइबर सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाएं प्रदर्शित की गई।

### अभिभावकों ने की कार्यक्रम की सराहना

विद्यालय के महासचिव ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या अलका विज ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं। उप प्रधानाचार्या कुसुम बंसल, कोर्डिनेटर ज्योति शर्मा, शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। अंत में सामूहिक गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। 85 प्रतिशत विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

## खबर संक्षेप



खरखौदा। रक्तदान करते शक्ति ठेकेदार व शिविर आयोजक

### शिविर में की 85 लोगों की आंखों की जांच

खरखौदा। शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में गांव गोपालपुर के प्राचीन शिव मंदिर में रक्तदान शिविर, नेत्र तथा कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 23 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। डॉ संजीत खत्री, भूपेन्द्र सैनी के नेतृत्व में आशीर्वाद ब्लड सेंटर गुरुग्राम की टीम ने रक्त एकत्रित किया। प्रबंधक राजीव वर्मा के अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय शर्मा व अयांश शर्मा ने सत्तर से अधिक व्यक्तियों की कैंसर की दृष्टि से स्वास्थ्य की जांच की। नेत्र जांच शिविर में गुरुनानक आई केयर के चिकित्सक डॉ. गुरप्रीत ने 85 व्यक्तियों की आंखों की जांच की। इस दौरान आयोजन समिति से संबद्ध अश्वनी कुमार, विनोद प्रधान, पंडित योगेश पटवारी, देवेन्द्र, बलवान, बिजेंद्र आदि ने व्यवस्था का जिम्मा संभाला।

### रुपयों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

**सोनीपत।** ब्रह्म नगर इलाके में रुपयों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उसने आरोपित पक्ष को कुछ समय पहले रुपये उधार दिए थे। पैसे वापस मांगे तो आरोपित विवाद करने लगे। आरोपित पैसे की मांग पर गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों को पकड़कर पूछताछ की जाएगी। आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# अलग-अलग इलाकों से चार लोग संदिग्ध हालात में लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार लोगों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले सामने आए है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है। पहला मामला शहर थाना क्षेत्र का है। यहां ईदगाह कॉलोनी में रहने वाली 20 वर्षीय युवती अचानक लापता हो गई। दूसरा मामला बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लिबासपुर का है। यहां रहने वाली 32 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई। परिवार के लोगों का कहना है कि महिला बिना बताए कहीं चली गई और उसका फोन भी बंद है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश के प्रयास कर रही है।

### जांच में जुटी पुलिस

इसी तरह, कुंडली थाना क्षेत्र की लांडा कॉलोनी से 17 वर्षीय किशोर रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि किशोर घर से खेलने के लिए निकला था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। चौथा मामला दुर्गा कॉलोनी का है, जहां से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता बताई जा रही है। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चारों मामलों में गुमशुदगी के मुकदमें दर्ज कर लिए है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है, और रिश्तेदारों व परिचितों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही लापता लोगों का पता लगा लिया जाएगा।

## एकत्रित किया गया 211 यूनिट रक्त थैलेसीमिया के प्रति किया जागरूक



**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत ने रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सोनीपत (ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी) और रोटरी ब्लड सेंटर, नई दिल्ली के सहयोग से एक निजी विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस दौरान 211 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष रजत डोडा ने बताया कि सभी यूनिट्स की थैलेसीमिया जांच की जाएगी, रोटरी के संकल्प 2035 तक थैलेसीमिया मुक्त एनसीआर के तहत। शिविर के सफल आयोजन में एमओसी रोटेरियन कुलदीप सोलंकी, रोटेरियन पंकज सेठ, अजय छाबड़ा, सुमीत अलख, संजय अरोड़ा सहित रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष काइरा मेहरा, सचिव कुश व टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर में रोटरी ब्लड सेंटर, नई दिल्ली के सीसीएमओ अनुज उपाध्याय और उनकी टीम के प्रयासों को सराहा गया।

## हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के सदस्यों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर शहर में जुलूस निकाला। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मचारी गोहाना रोड स्थित पंचायत भवन में एकत्रित हुए। वहां से जुलूस निकालते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और एसडीएम सुभाष चंद्र को सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा। साथ ही कहा कि अगर मांगों का समाधान नहीं किया तो 13 अक्तूबर से दिवाली पर्व तक एचएसवीपी मुख्यालय पंचकूला में धरना दिया जाएगा। कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के राज्य प्रधान महावीर सिंह नागर, राज्य महासचिव टीनू मदान, जिला प्रधान राकेश, जिला सचिव जितेंद्र ने बताया कि कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की अप्रूवल एक अक्तूबर से आगे तुरंत प्रभाव से दी जाए। इस दौरान हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष आरके नागर, ध्रुव कुमार, समेश कुमार, बसंत राठी, मोहित कुमार, सुनील चौहान, प्रदीप कुमार, रघुनाथ उर्फ कल्लू, सतीश आदि मौजूद रहे।

## सिसाना वासियों के लिए सुअर फार्म बना मुसीबत

**खरखौदा।** सिसाना गांव की बस्ती में एक युवक ने सुअर फार्म किया हुआ है, जो तय शर्तों को पूरा नहीं कर रहा है। इस आशय की शिकायत एसडीएम डॉ निर्मल नागर के समक्ष प्रस्तुत की गई है। जिसमें ग्रामीणों ने मांग की है कि वहां से सूअर फार्म को बंद कराया जाए, क्योंकि वह गंदगी का सबब बन रहा है। अवैध रूप से समर्सिबल लगा रखा है गंदगी को पानी में बहाया जा रहा है। अवैध रूप से ड्रेनेज सिस्टम को डिस्टर्ब किया जा रहा है। बार-बार शिकायतों के बाद भी उनकी समस्या का हल नहीं हो रहा है। इसीलिए उन्होंने मांग की है कि गांव से अवैध रूप से चल रहे सूअर फार्म को बंद कराया जाए और उसकी जांच भी करवाई जाए। उन्होंने सरपंच को भी शिकायत दी थी उन्होंने कुछ समय मांगा था।

## बच्चों को दी एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग की जानकारी



गोहाना। विजेताओं को सम्मानित करते हुए चेयरमैन राजेश कुमार व अन्य।

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून स्कूल में बुधवार को इंडियन ऑयल सेफ्टी क्लिनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुधाकर गिरी, सुनील कुमार ठाकुर और नरेंद्र मीणा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य सत्र में केआरपीसी से अविनाश ने एप्रन के प्रयोग, उपयोग और इसके महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग हेतु सिलेंडर स्थापना, उचित वेंटिलेशन, स्टोव और ट्यूबिंग की देखभाल, लीक जांच, सिलेंडर हैंडलिंग, नए सेफ्टी चेक तथा सामान्य सावधानियों का पालन करने का ज्ञान दिया। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी थीं। स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने अतिथियों ने पुष्पगुच्छ, शॉल और पौधे भेंट करके सम्मानित किया। कार्यक्रम के सेफ्टी क्विज का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


**मुलाकात** गोहाना बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत दुकानदारों के बीच पहुंचे कैबिनेट मंत्री

# पीएम मोदी के शासन में दर्जनों टैक्स, इंस्पेक्टरी राज से मुक्त हुआ बाजार : डॉ. अरविंद शर्मा

### जीएसटी सुधार के कदमों से शेयर बाजार से लेकर व्यापार जगत में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा वर्ष 2014 से पहले अलग-अलग राज्यों का अलग-अलग टैक्स, जगह-जगह नाकों और इंस्पेक्टरी राज के चंगुल से छोटे दुकानदारों से लेकर व्यापारी वर्ग को मुक्ति दिलाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दर्जनों टैक्सों की व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए एक राष्ट्र-एक कर-एक बाजार के संकल्प से अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है।

जीएसटी सुधार के इन कदमों से शेयर बाजार से लेकर व्यापार जगत में खुशी का माहौल है। अब हमें मिलकर सुनिश्चित करना है कि हर वर्ग, हर तबके को इसका लाभ मिले। बुधवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 के बाद जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत गोहाना के मुख्य बाजार में रोहतक गेट से जनसम्पर्क शुरू किया और सैकड़ों दुकानदारों से मुलाकात करते उनका फीडबैक लिया। जनता मशीनरी स्टोर, महालक्ष्मी ट्रेडर्स, न्यू मुरली मिष्ठान भंडार से शुरू होकर विभिन्न व्यवसायों से जुड़े प्रतिष्ठानों पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, मण्डल अध्यक्षों, जिला कार्यकारिणी सदस्यों व वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ दुकानदारों के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे अधिक बदलाव के कदम बीते 11 साल में उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के विभिन्न देशों के साथ कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों को मजबूती देने के साथ-साथ मेक इन इंडिया की ऐसी मुहिम को शुरू किया जिससे हमारी अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत बनेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से दुकानदारों की बिक्री में तेजी आएगीऔर छोटे उद्योगों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने से रोजगार संभावनाएं बढेंगी।



गोहाना। दुकानदारों से मुलाकात करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री बोले

### सभी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दुकानदार भाइयों से आह्वान किया कि वो स्वदेशी उत्पादों की बिक्री को बढावा दें और जीएसटी कमी के चलते विभिन्न उत्पादों की कीमत में आई कमी का लाभ उपभोक्ताओं को पहुंचाए। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेज रफ्तार मिलेगी और हम देश को दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी के 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत स्लैब होने से रोजमर्रा इस्तेमाल के उपभोक्ता सामान सस्ते होंगे, जिससे मध्यम वर्ग में बचत बढ़ेगी।

## विनोद अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय युवा संयोजक बने

■ अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर को आयोजित होगा 42वां विशाल वार्षिक मेला

**गोहाना।** गोहाना के विनोद जैन को अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय युवा संयोजक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने की है। विनोद जैन ने कहा कि उनको सौंपी गई जिम्मेवारी का वे ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करते हुए समाज के विकास के लिए काम करेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के अनुसार अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर को 42वां विशाल वार्षिक मेला आयोजित होगा जिसमें समाज की मांगों को लेकर विचारविमर्श किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाब्रह्मऋषि कुमार स्वामी, राज्यसभा के पूर्व सासंद डॉ. सुभाष चंद्रा, निकाय मंत्री विपुल गोयल, पंजाब कैबिनेट मंत्री विरेन्द्र गोयल, हिसार की विधायक सावित्री जिंदल व भजन सम्राट कन्हैया मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित होंगे।